हिमाचल प्रदेश को एशियाई विकास बैंक (ADB) से ऋण

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और भारत सरकार ने हिमाचल प्रदेश में **स्वच्छ पेयजल की सुविधा प्रदान करने तथा जल आपूर्ति एवं स्वच्छता से जुड़ी** सेवाओं को बेहतर बनाने के लिये 96.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किये।

इस परियोजना के मुख्य बिंदु:

- **विषय:**
  - यह परियोजना भारत सरकार के [जल जीवन मिशन](#) के उद्देश्य के अनुरूप है, जिसका लक्ष्य **2024 तक सभी ग्रामीण परिवारों को पाइप से पानी उपलब्ध** कराना है।
  - यह सुरक्षित, सतत् और समावेशी ग्रामीण जल आपूर्ति एवं स्वच्छता सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिये जलापूर्ति के बुनियादी ढाँचे को उन्नत करेगा और संस्थागत क्षमता को मज़बूत करेगा।
- **विशेषताएँ:**
  - **जल आपूर्ति बुनियादी ढांचे में सुधार:**
    - यद्यपि **राज्य की 90 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण आबादी को पेयजल की सुविधा उपलब्ध है ,** कुशल और बेहतर सेवा गुणवत्ता के लिये जल आपूर्ति के बुनियादी ढाँचे में सुधार की आवश्यकता है।
  - **मल गाद प्रबंधन कार्यक्रम:**
    - सिरमौर ज़िले में **मल गाद के प्रबंधन और स्वच्छता से जुड़ा एक पायलट कार्यक्रम भी लागू किया जाएगा, जिससे 250,000 निवासियों** को लाभ मिलेगा।
  - **जल शक्ति विभाग का सुदृढ़ीकरण:**
    - यह परियोजना हिमाचल प्रदेश सरकार के **जल शक्ति विभाग** और [ग्राम पंचायत](#) **(स्थानीय सरकार) में ग्रामीण जल एवं स्वच्छता समितियों की क्षमता** को मज़बूत करेगी।
    - यह राज्य सरकार के जल शुल्क नीति सुधारों का समर्थन करेगी और **राज्य स्तर एवं ज़िला परिसंपत्ति प्रबंधन योजनाओं में परिसंपत्ति प्रबंधन प्रणाली शुरू करेगी।**
    - मुख्य परियोजना हितधारकों और समुदाय आधारित संगठनों को जल प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसमें महिलाओं के [स्वयं सहायता समूहों](#) के लिये आजीविका कौशल प्रशिक्षण भी शामिल है।

एशियाई विकास बैंक (ADB):

- **एशियाई विकास बैंक (ADB) एक क्षेत्रीय विकास बैंक है। इसकी स्थापना 19 दिसंबर, 1966 को हुई थी।**
- ADB में **कुल 68 सदस्य** हैं। **भारत ADB का संस्थापक सदस्य है।**
  - कुल सदस्यों में से 49 सदस्य देश एशिया-प्रशांत क्षेत्र से हैं, जबकि 19 सदस्य अन्य क्षेत्रों से हैं।
  - इसका **उद्देश्य** एशिया में सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।
- 31 दिसंबर, 2019 तक ADB के पाँच सबसे बड़े शेयरधारकों में **जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका** (प्रत्येक कुल शेयरों के 15.6% के साथ), पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ **चाइना** (6.4%), **भारत** (6.3%) और **ऑस्ट्रेलिया** (5.8%) शामिल हैं।
- ADB का मुख्यालय **मनीला, फिलीपींस** में है।

[स्रोत: पी.आई.बी.](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/asian-development-bank-loan-to-himachal-pradesh